हिन्दी प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी चंडीगढ़
16 दिसंबर 2024, समय 1810

- हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह ने आज पंचकूला माता मनसा देवी गौधाम में पक्षियों के रैन बसेरे का शुभारंभ किया।
- मुख्यमंत्री ने कहा है कि हरियाणा के किसानों को सतलुज यमुना लिंक नहर का पानी मिलना चाहिए।
- 1971 के युद्ध में पाकिस्तान पर भारत की जीत की याद में आज पूरा देश विजय दिवस मना रहा है।
- हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा है कि प्रदेश सरकार हर वर्ग के उत्थान के लिए कृतसंकल्प है।
- हरियाणा सेवा का अधिकार आयोग ने हरियाणा हाउसिंग बोर्ड के आवंटी की मृत्यु के बाद धन वापसी की प्रक्रिया में अनुचित देरी के कारण 5 हज़ार रुपये मुआवजा देने के आदेश दिये।

****************************************************************

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज पंचकूला स्थित माता मनसा देवी गौधाम में पक्षियों के रैन बसेरे का शुभारंभ किया।उन्होंने पूर्व केंद्रीय मंत्री स्वर्गीय रतनलाल कटारिया की 73वीं जयंती पर रक्तदान और नेत्र एवं स्वास्थ्य जांच शिविर का उद्घाटन ही किया। इस दौरान उन्होंने मोरनी के दुर्गम पहाड़ी क्षेत्र मैं स्वास्थ्य सुविधाएं देने के लिए आरोग्यम बाइक को भी झंडी दिखाई। मुख्यमंत्री ने कहा कि भूतपूर्व केंद्रीय मंत्री रतनलाल कटारिया एक बेबाक वक्ता थे और उनके मन में किसी के प्रति कोई द्वेष नहीं था।पत्रकारों से बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री ने देश के लिए प्राण न्योछावर करने वाले वीर जवानों को नमन किया।एक प्रश्न के उत्तर में मुख्यमंत्री ने कहा कि किसान अब पहले से डेढ़ गुना अधिक अन्न पैदा कर रहा है। यह उनके क्षेत्र और जमीन पर पानी पहुंचाने से संभव हुआ है। उन्होंने कहा कि सरकार का प्रयत्न है कि हर खेत को पानी मिले ।

उन्होंने किसानों की पराली प्रबंधन में सहयोग के लिए प्रशंसा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा में तीव्र गति से विकास कार्य किए जा रहे हैं।

*****************************************************************

तबला वादक जाकिर हुसैन के निधन पर राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति और प्रधानमंत्री ने दुख जताया है।राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि जाकिर हुसैन अपनी असाधारण रचनात्मकता के लिए जाने जाते थे। उन्होंने कहा कि वे भारत और पश्चिम की संगीत परंपराओं के बीच एक सेतु थे।उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि जाकिर हुसैन अपने पीछे एक समृद्ध विरासत और भारत के सांस्कृतिक परिदृश्य पर एक अमिट छाप छोड़ गए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि जाकिर हुसैन को एक सच्चे प्रतिभाशाली व्यक्ति के रूप में याद किया जाएगा।

*************************************************************************

केंद्र सरकार ने कहा है कि देश में करीब 21 फर्जी विश्वविद्यालय हैं। शिक्षा राज्य मंत्री सुकांत मजूमदार ने आज लोकसभा में जानकारी दी कि पिछले दस वर्षों में बारह फर्जी विश्वविद्यालय बंद किए गए हैं। उन्होंने कहा कि कई संस्थानों और विश्वविद्यालयों के खिलाफ प्राथमिकी भी दर्ज की गई है।

***********************************************************************

1971 के युद्ध में पाकिस्तान पर भारत की जीत की याद में आज पूरा देश विजय दिवस मना रहा है। पंजाब, हरियाणा और चंडीगढ़ सहित देश भर में युद्ध के दौरान अपने प्राणों की आहुति देने वाले शहीदों को भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई।

चंडीमंदिर वीर स्मृति में भी सर्वोच्च बलिदान देने वाले सभी बहादुरों को श्रद्धांजलि देने के लिए एक पुष्पांजलि समारोह आयोजित किया गया । पूर्व सैन्य कमांडरों और वीरता पुरस्कार विजेताओं सहित सेवारत सैनिकों, दिग्गजों ने अपने शहीद साथियों को श्रद्धांजलि दी।

सेवा निवृत ब्रिगेडियर अवतार सिंह मलिक ने आकाशवाणी समाचार के साथ 1971 की जंग की याद ताज़ा की।

जींद में भी आज विजय दिवस पर शहीदों की याद में आयोजित कार्यक्रम में उन्हें श्रद्धासुमान अर्पित किए गए। इस अवसर पर कर्नल डी के भारद्वाज ने 1971 की जंग का अनुभव साझा किया।

कार्यक्रम में अतिरिक्त उपायुक्त विवेक आर्य  और अन्य प्रशासनिक अधिकारी व पूर्व सैनिक मौजूद रहे।

अंबाला  छावनी में भी शहीदों को याद किया गया। वायु सेना  में तैनात रहे ओनरेरी  फ्लाइंग अधिकारी गुरदयाल सिंह ने बताया कि युद्ध में उनकी क्या भूमिका रही।

अंबाला छावनी के \ कैप्टन मेहर सिंह ने बताया कि उन्होंने पाकिस्तान के फाईटर को वापिस जाने पर मजबूर कर दिया था।

पलवल में पूर्व सैनिक कल्याण समिति ने विजय दिवस के उपलक्ष्य में हुड्डा चौक से लेकर शहीद स्मारक तक विजय दिवस पदयात्रा निकाली। पदयात्रा में पूर्व सैनिक,सामाजिक एवं धार्मिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों एवं एन सी सी कैडेट और स्कूलों के बच्चों ने भाग लिया। पूर्व सैनिकों ने शहीद स्मारक पर पुष्प वर्षा कर अमर शहीदों को भावभीनी श्रद्धांजलि भी दी ।

इस युद्ध में पलवल जिले के 7 सैनिकों ने भी अपने जीवन का बलिदान दिया था।

आज फरीदाबाद के सेक्टर 12 स्थित युद्ध स्मारक पर सभी पूर्व सैनिकों ने भारत माता की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीर शहीदों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस आयोजन में पूर्व सैनिक, नागरिक, और स्कूली छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

************************************************************************

हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि प्रदेश सरकार हर वर्ग के उत्थान के लिए कृतसंकल्प है।श्री राणा आज यमुनानगर के क्षेत्र ससौली में सीवरेज पंपिंग स्टेशन का उद्घाटन करने के बाद लोगों को सम्बोधित कर रहे थे।उन्होंने कहा कि इस पंपिंग स्टेशन के निर्माण पर 2 करोड़ 56 लाख 45 हजार रुपये लागत आई है। इसके बनने से ससौली, बैंक कॉलोनी, राम नगर, खेड़ी जागरण, सरस्वती विहार, सुंदर विहार,आर्य नगर, मुकुंद विहार व आसपास के लगभग 35 हजार लोगों को फायदा होगा। पंपिंग स्टेशन से प्रति दिन 25 मेगा लीटर पानी सीवरेज शोधन संयंत्र पर जाएगा श्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि जो विकास कार्य रह गए हैं या अधूरे पड़े हैं उन सभी विकास कार्यों को जल्द पूरा कर दिया जाएगा ताकि जनता को इनका लाभ मिल सकें। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने अपने शासनकाल में सभी विधानसभा क्षेत्रों में बिना किसी भेदभाव के विकास कार्य करवाए हैं और आगे भी इसी नीति पर चल कर विकास कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर करवाया जाएगा।

************************************************************************

हरियाणा सेवा का अधिकार आयोग ने हरियाणा हाउसिंग बोर्ड को एक आवंटी की मृत्यु के मामले में संपत्ति से संबंधित धन वापसी की प्रक्रिया में अनुचित देरी और उत्पीडन के कारण 5,000 रुपये मुआवजा देने के आदेश दिये हैं।आयोग के मुख्य आयुक्त टी.सी. गुप्ता द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि आवंटन रद्द होने पर शिकायतकर्ता भूपिंदर शर्मा को उसके पिता के नाम पर आबंटित एक फ्लैट की राशि वापिस नहीं दी गई। बोर्ड ने पैसा लौटाने के बजाय शिकायतकर्ता को पहले रद्द किए गए फ्लैट को अपने नाम पर स्थानांतरित कराने के निर्देश दिए। शिकायतकर्ता द्वारा निर्धारित प्रक्रिया का पालन करने के बावजूद, हाउसिंग बोर्ड निर्धारित समय के भीतर आवश्यक सेवा देने में विफल रहा।आयोग ने देरी के लिए जिम्मेदार अधिकारियों से मुआवजा राशि वसूलने के आदेश भी दिए हैं और कहा है कि और देरी करने पर अतिरिक्त दंडात्मक कार्रवाई भी की जा सकती है। इसके अतिरिक्त, बोर्ड को संपत्ति हस्तांतरण पूरा होने के बाद आयोग को सूचित करने के निर्देश दिये गये हैं।